राक्षस मारने वाला जैक

मैलाची डॉयल




राक्षस मारने वाला जैक

मैलाची डॉयल



एक बार कॉर्नवाल में एक बहुत बड़ा

और भयानक राक्षस रहता था.



उसका नाम कॉर्मोरन था, और वो

सेंट माइकल पहाड़ी पर रहता था.

बार-बार, कॉर्मोरन गाँव में आता था और लोगों की गायों और सूअरों, उनकी भेड़ों और उनके कुत्तों को चुराकर ले जाता था. जल्द ही, गांव के लोगों के पास खाने के लिए कोई भी जानवर नहीं बचा.






गांव में जैक नाम का एक बहादुर लड़का था.



“मैं उस राक्षस को ठिकाने लगाऊंगा!”

जैक ने अपने दोस्तों से कहा.








उस रात, जब घर में सब लोग सो रहे थे,

तब जैक चुपके से घर से बाहर निकला.


उसके एक हाथ में फावड़ा और दूसरे हाथ में

एक तुरही थी. उनको लेकर वो पहाड़ी पर चढ़ा.

राक्षस की मांद में पहुंचकर जैक ने राक्षस की गुफा के सामने जमीन में एक बड़ा गड्ढा खोदा.




फिर उसने गड्ढे को बाँसों, टहनियों, पुआल और पत्तों से ढक दिया.



रात भर जैक गड्ढे के पास इंतजार करता रहा और जैसे ही सूरज उगा, उसने अपना तुरही निकाली और उसे ज़ोर से बजाया.






"यह शोर कौन कर रहा है? मैं सोने की कोशिश कर रहा हूँ!" गुफा के अंदर से राक्षस दहाड़ा.

जैक ने अपनी तुरही फिर से बजाई,


इस बार और भी जोर से.



"यदि तुम नहीं रुके," राक्षस ने दहाड़ते

हुए कहा, "तो मैं बाहर आऊंगा और


तुम्हें नाश्ते के लिए खा जाऊंगा!"



फिर जैक ठीक गुफा के मुहाने तक गया,

जहाँ राक्षस उसे निश्चित रूप से देख सकता था.

फिर जैक ने और भी जोर से तुरही बजाई.



"ठीक है!" विशालकाय राक्षस उछला.

"देखो, मैंने पहले ही तुम्हें चेतावनी दी थी!"

राक्षस गुफा के मुहाने से बाहर निकला और

वो जैक को बस पकड़ने ही वाला था, जब ...





"अरे! बाप रे!" राक्षस चिल्लाया,

और वो धड़ाम से गहरे गड्ढे में गिर गया.





इससे पहले कि राक्षस उसके बारे में कुछ कर पाता,

जैक ने अपनी कुदाल उठाई, और एक शक्तिशाली

झोंके से उसने राक्षस के सिर पर वार किया.

"अरे! बाप रे!" राक्षस फिर से चिल्लाया.
उसने जैक को पकड़ने और उसे गड्ढे में
खींचने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया.






लेकिन जैक उसके रास्ते से हट गया,

उसने अपनी कुदाल घुमाई और एक बार

फिर से राक्षस को जोर से मारा.



इस बार उसने शक्तिशाली राक्षस को मार डाला.

"मैंने उसका काम तमाम कर दिया!" जैक

चिल्लाया. "देखो, मैंने अपने गाँव को बचा लिया!"

फिर जैक राक्षस की गुफा में घुसा.

गुफा के कोने में उसे चमचमाता हुआ,

सोने और चाँदी का एक खज़ाना मिला.



फिर जैक एक हाथ में राक्षस का सिर और दूसरे हाथ में खजाने की पेटी लिए गांव में लौटा. उसे देख कर हर कोई चकित रह गया.

"हुर्रे!" वे चिल्लाए. "राक्षस को मारने वाले जैक के लिए हुर्रे!" और उस दिन से उसका नाम "राक्षस मारने वाला जैक" पड़ गया.



अंत